# वीडियो द्वारा अपनी एपॉइंटमेंट में भाग लेना

Near Me

Enter the name of the service here

**वीडियो कॉलिंग सुविधाजनक और उपयोग में आसान है**

वीडियो कॉलिंग सुविधाजनक और उपयोग में आसान है

अपनी एपॉइंटमेंट के लिए जाने के बजाय, आप नीचे दिए गए लिंक का उपयोग करते हुए ऑनलाइन वेटिंग एरिया में प्रवेश करेंगे।

सर्विस को दिखेगा कि आप आ गए हैं, और तैयार होने पर कोई प्रदाता आपकी कॉल में शामिल होगा।

एकाउंट बनाने की कोई ज़रूरत नहीं है।

वीडियो कॉल सुरक्षित हैं और आपकी गोपनीयता संरक्षित है।



## मैं अपनी वीडियो एपॉइंटमेंट में कैसे शामिल हो सकता/सकती हूँ?

यहाँ जाएँ: Enter the URL of the web page entry point here

## मुझे वीडियो कॉल करने के लिए क्या चाहिए?

- वीडियो कॉल करने के लिए **एक उपकरण**, जैसे कि स्मार्टफ़ोन, टैबलेट, या वेब कैमरा और स्पीकर के साथ कंप्यूटर (अक्सर लैपटॉप में अंतर्निहित होता है)।
- **विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्शन** (वायर्ड, वाईफ़ाई या मोबाइल डेटा)। यदि आप ऑनलाइन वीडियो देख सकते हैं, तो आप वीडियो कॉल करने में सक्षम हो सकते हैं।
- आपके परामर्श के लिए **निजी, अच्छी तरह रौशन जगह,** जहाँ आपको कोई परेशानी न हो।
- बेहतरीन वीडियो कॉलिंग निष्पादन के लिए **Chrome**, **Safari**, या **Edge** के नवीनतम संस्करण का उपयोग करें।

| Google Chrome | Apple Safari | Microsoft Edge |
| --- | --- | --- |
| Windows, Android, MacOS | MacOS, iOS, iPadOS | Windows |

वीडियो कॉल करने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ दो देखें

## मुझे क्या जानना जरुरी हैं?

### क्या यह सुरक्षित / गोपनीय है?

आपके पास अपना निजी वीडियो रूम है जहाँ केवल अधिकृत प्रदाता ही प्रवेश कर सकते हैं।

आपके द्वारा दर्ज की गई कोई भी जानकारी संग्रहीत नहीं की जाती है।

कॉल रिकॉर्ड नहीं किए जाते हैं।

### वीडियो कॉल की लागत कितनी है?

वीडियो कॉल मुफ़्त है सिवाय आपके इंटरनेट उपयोग के।

**टिप!** यदि आप ऐसा कर सकते हैं, तो अपने मोबाइल डेटा के उपयोग से बचने के लिए वाई-फ़ाई नेटवर्क से कनेक्ट करें।

### मैं कितने इंटरनेट डेटा का उपयोग करूँगा/करूँगी?

जब आप किसी के जुड़ने की प्रतीक्षा कर रहे हों तब वीडियो कॉल डेटा का उपयोग नहीं करता है।

कॉल कनेक्ट होने के बाद, यह Skype® या FaceTime® जितनी मात्रा में डेटा का उपयोग करता है।

## मैं अपना वीडियो कॉल कैसे करूँगा/करूँगी?

अपना वेब ब्राउज़र खोलें और सर्विस के वेब पते को एड्रेस बार में टाइप करें (सर्च बॉक्स में नहीं)।

जब आप तैयार हों, तब **वीडियो कॉल शुरू करें** बटन को क्लिक करें।

*Start video call*

**टिप!** अपने सेटअप की जाँच करने के लिए अपने एपॉइंटमेंट से पहले टेस्ट कॉल करें।

*Test call*

सिस्टम इसकी जाँच करेगा कि सब कुछ ठीक-ठाक है (इंटरनेट, स्पीकर, माइक्रोफोन, और वीडियो)।

यदि पूछा जाए, तो अपने ब्राउज़र को अपने कैमरे और माइक्रोफ़ोन तक पहुँचने की अनुमति दें ।

अपना विवरण दर्ज करें, नियमों और शर्तों से सहमत होने के लिए बॉक्स में टिक लगाएँ, और अपनी कॉल शुरू करें।



कॉल समाप्त करने के लिए, **समाप्त** पर क्लिक करें।

**टिप! रीफ़्रेश** पर क्लिक करके कई समस्याएँ हल कर सकते हैं।

End | Refresh

## अगर कुछ काम नहीं कर रहा हो, तो मैं क्या करूँ?

https://nhs.attendanywhere.com/troubleshooting पर जाएँ

### अधिक जानकारी

Enter additional information, such as contact details, here

Powered by attendanywhere®

**अपने सर्विस के वेब पते के लिए पृष्ठ एक देखें**